
तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 30 जून 2024

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

12 रुक-रुककर हो रही बारिश, खेतों में भरा पानी ...



13 प्रवेशोत्सव पर पाठ्य पुस्तकें और गणवेश का वितरण



छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
▸कोपा ▸इलेक्ट्रिशियन
▸हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸डीजल मैकेनिक
▸फायर टेक्नालॉजी
▸स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-03/07/24

समस्या

*24 शाला भवन विहीन, 151 शाला आहाता विहिन, 30 शालाओं में पेयजल की समस्या, 117 शालाओं में खेल मैदान नहीं*

# बदहाल स्कूल भवनों में शिक्षा का नया सत्र शुरू, छात्र परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

नये सत्र का आगाज होने के साथ गत कई दिनों से प्रवेशोत्सव मनाया जा रहा है, जिसमें जनप्रतिनिधियों के साथ साथ अधिकारीगण भी शामिल हो रहे हैं। प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा व्यवस्था में सुधार तथा हिन्दी भाषा के अलावा अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा के लिए एक ओर जहां मॉडल स्कूल व आत्मानंद विद्यालय पर करोड़ों रूपये खर्च किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर बलौदाबाजार जिले में कई ऐसी सरकारी स्कूलें हैं, जहां अध्ययन करने वाले बच्चों को मूलभूत सुविधाएं भी नसीब में नहीं है। इस बारे में शिक्षा विभाग के साथ-साथ क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों पर निक्रियता बरतने का आरोप पालकों एवं ग्रामीणों द्वारा लगाया जा रहा है। बलौदाबाजार जिला की सरकारी शालाओं के बारे में जानकारी लेने पर कई शालाओं में बदहाली की सामने आई तस्वीरें अलग हकीकत बया करती है।

जिले में पिछले सत्र तक 890 प्राथमिक, 468 पूर्व माध्यमिक, 70 हाई स्कूल, 134 हायर सेकंडरी स्कूल सहित कुल 1562 शासकीय स्कूल संचालित थे, जिनमें 50 ऐसे स्कूल थे जो एकदम जर्जर अवस्था में पहुंच चुके थे, लेकिन फिर भी यहां कक्षाएं लग रही थी, जिला शिक्षा विभाग से मिले प्रस्ताव के बाद कुछ कार्यों के निर्माण की स्वीकृति मिलने की जानकारी विभाग द्वारा दी गई है। वहीं जिले में करीब 500 ऐसी सरकारी शालाएं हैं, जहां विद्यार्थियों को अलग–अलग प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। यहां के विद्यार्थियों को फिर नए सत्र में उपलब्ध काम चलाऊ सुविधाओं के बीच पढ़ना पड़ेगा।




### अभावग्रस्त शालाओं की स्थिति

बलौदाबाजार जिले में 1 प्राथमिक, 4 पूर्व माध्यमिक, 12 हायर सेकण्डरी तथा 7 हायर सेकण्डरी स्कूल सहित 24 स्कूल भवन विहीन हैं। यहां पढ़ने वालों बच्चों को एक ही भवन में पारियों के सहारे तो कभी पेड़ के नीचे बैठकर पढ़ने मजबूर होना पड़ रहा है। इसके अलावा जिले में 181 स्कूलों के शौचालय जर्जर अवस्था में है, जो टूटकर गिरने लगे हैं। यदि विभाग द्वारा पुराने स्कूल भवन का परीक्षण कराया जाएं तो 38 प्राथमिक, 10 पूर्व माध्यमिक और 1 हायर सेकंडरी स्कूल सहित 50 स्कूल डिस्मेंटल करने की स्थिति में होने की बात सामने आ सकती है। अगर उन्हें डिस्मेंटल नहीं किया गया तो कभी भी कोई भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है।

### 24 भवन विहीन स्कूलों के लिए राशि स्वीकृत

24 भवन विहीन स्कूलों के लिए मुख्यमंत्री जतन योजना के तहत अतिरिक्त कक्ष के लिए राशि स्वीकृत हो गई है। इसी तरह 426 कामों के प्रस्ताव बनाकर जानकारी शासन को भेजी गई है, उम्मीद है, जल्द ही राशि स्वीकृत हो जावेगी।

**-हिमांशु भारतीय,** जिला शिक्षा अधिकारी, बलौदाबाजार

### 57 प्राइमरी स्कूल हैं एकल शिक्षण

जिले के 35 स्कूल ऐसे हैं, जहां बिजली ही नहीं है। ऐसे में छात्र–छात्राएं फिर से नए सत्र से मजबूरी में अंधेरे और गर्मी में पढ़ाई करेंगे। इसके अलावा 57 प्राईमरी स्कूल ऐसे हैं, जहां सिर्फ 1 शिक्षक ही पढ़ाता है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि 5 कक्षाओं में 5–5 विषयों को एक ही शिक्षक कैसे और क्या पढ़ा पाता होगा। इससे भी हैरान करने वाली बात यह भी है कि जिले में 2 स्कूल ऐसे भी है, जहां शिक्षक ही नहीं है, ऐसे में इन स्कूलों में व्यवस्था के तहत पढ़ाई करायी जा रही है।

## तोड़फोड़ एवं आगजनी के मामले में भीम आर्मी के तीन और पदाधिकारी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

आक्रोशित भीड़ द्वारा दस जून को बलौदाबाजार में धरना प्रदर्शन के बाद पुलिस बल के साथ झूमाझपटी, पत्थरबाजी, मारपीट करते हुए संयुक्त कार्यालय परिसर एवं वहां खड़ी वाहनों में आग लगा देने के मामले में पुलिस द्वारा लगातार आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी की जा रही है। वीडियो, फोटो, सीसीटीवी फुटेज खंगाल एवं अन्य तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपियों की पहचान कर गुरुवार को तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें भीम आर्मी छ.ग. प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश कुमार कठौतिया 33 वर्ष निवासी भाटापारा थाना कोसीर जिला सारंगढ़, प्रदेश महासचिव रामस्वरूप महिलांगे 32 वर्ष निवासी ग्राम सरसकेला थाना डभरा जिला सक्ति के अलावा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विजय सोनवानी 34 साल निवासी वार्ड 14 भटगांव जिला सारंगढ़–बिलाईगढ़ शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजा गया। प्रकरण में शुक्रवार तक कुल 151 आरोपियों को ▸▸ शेष पेज 12 पर

■ बलौदाबाजार कलेक्टोरेट हिंसा पर अब तक 151 आरोपी गिरफ्तार

## भाटापारा में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नियुक्त

**भाटापारा।** बलौदाबाजार-भाटापारा जिला बनने के बारह साल बाद, भाटापारा ब्लॉक में पहली बार अतरिक्त पुलिस अधीक्षक की भाटापारा में नियुक्ति हुई। भाटापारा पुलिस अनुविभाग में एक अतरिक्त पुलिस अधिक्षक एडिशनल एसपी तथा अनुविभागीय पुलिस अधिकारी एसडीओपी सम्भालेंगे। भाटापारा अनुविभाग को अतरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार संभालेंगे। यह भी जानकारी दी गई है कि भाटापारा में जल्द ही अतरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय बनेगा।

## खबर संक्षेप



### कोचिया से 35 पौवा शराब जब्त

**सिमगा।** शराब बेचने वाले कोचिया को पुलिस ने दबोच लिया और उसके कब्जे से 35 पौवा शराब जब्त की। पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत आरोपी को जेल भेजा है। थाना प्रभारी गोपाल सिंह धुर्वे से मिली जानकारी के अनुसार शासकीय देशी शराब दुकान के पास नयापारा दुलदुला रोड में विजय चतुर्वेदी पिता खुलू चतुर्वेदी 24 वर्ष साकिन हरिनभटठा थाना सिमगा अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहा था। जिसे पुलिस ने पकड़ कर आरोपी से 35 पौवा देशी मशाला को जब्त कर धारा 34, 2 आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड में भेज दिया।

### 32 पौवा शराब जब्त, युवक गिरफ्तार



**बलौदाबाजार।** शराब का अवैध परिवन करने वाले युवक को पुलिस ने दबोच लिया और गिरफ्ताकर जेल भेजा है। उसके कब्जे से 32 पौवा शराब जब्त की गई है। जानकारी के अनुसार 29 जून को पुलिस चौकी करहीबाजार की टीम ने ग्राम रामपुर में अवैध रूप से शराब परिवहन करते 50 वर्षीय अमरनाथ साकिन केसला हाल ग्राम रामपुर को गिरफ्तार किया। जांच में पुलिस ने आरोपी के कब्जे से ▸▸ शेष पेज 12 पर

## चाकू दिखाकर राहगीर से पैसे वसूलने वाले 3 युवक गिरफ्तार, सभी आरोपी रायपुर के

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पलारी

राहगीर को चाकू दिखाकर गाली गलौज कर डरा धमकाकर पैसे मांगने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में प्रार्थी इंद्र कुमार निवासी ग्राम लरिया थाना पलारी रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 27 जून को वह बाइक में लखोली आरंग से अपने गांव वापस आ रहा था। इसी बीच रात्रि करीबन 10 बजे ग्राम कोदवा, पलारी रोड के पास तीन अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मेरी बाइक को रोक लिया और तीनों आरोपियों ने गाली गलौज कर शराब पीने के लिए मुझसे पैसे की मांग करने लगे। इस दौरान एक आरोपी द्वारा अपने पास रख एक बड़े चाकू को निकाल कर मेरे गर्दन पर टिकाकर मुझे डराने धमकाने लगा। तत्पश्चात तीनों आरोपी अपने वाहन पिकअप क्र. सीजी 4 एल एफ 3060 में बैठकर पलारी की ओर भाग निकले। रिपोर्ट पर थाना पलारी में धारा 327, 34 भादवि 25, 27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



घटना में शामिल तीनों आरोपी विकास 23 निवासी वार्ड 9 शक्ति नगर रायपुर थाना खम्हारडीह जिला रायपुर, छोटू सोना 26 निवासी पंडरी जगन्नाथ नगर रायपुर जिला रायपुर, सुमित 22 निवासी वार्ड 9 शक्ति नगर रायपुर थाना खम्हारडीह जिला रायपुर को पलारी सांई चौक के पास पेट्रोल पंप कर्मचारियों की सहायता से पकड़ लिया गया। आरोपियों से पूछताछ पर उनके द्वारा अपने पास रखे चाकू को दिखाकर, डराते हुए शराब पीने के लिए पैसे की मांग करना स्वीकार किया गया।

## नेशनल हाईवे पर पलटे ट्रेलर में लगी आग



**सिमगा।** रायपुर–बिलासपुर नेशनल हाईवे पर सिमगा थाना के पास कोयले से भरा एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे उसमें आग लग गई। इस घटना से यातायात बाधित हो गया। सूचना मिलते ही अमृत कुजूर उप पुलिस अधीक्षक यातायात के साथ निरीक्षक नरेश कांगे एवं यातायात सिमगा का बल तत्काल घटना स्थल पहुंचा और ट्रेलर क्र. सीजी 10 बीएच 2783 को जेसीबी वाहन की मदद से हटा कर यातायात व्यवस्था को सुगम कराया गया।

## भाभी पर जानलेवा हमला बड़े ने छोटे भाई की हत्या की

### आरोपी गिरफ्तार, पत्थर मारकर हत्या की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पलारी

थाना क्षेत्र के ग्राम रसौटा में बड़े भाई ने छोटे भाई की पत्थर से कुचलकर बेरहमी से हत्या कर दी। इस घटना से गांव में सनसनी फैल गई। वहीं सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। घटना शनिवार दोपहर 1 बजे की है। मिली जानकारी के अनुसार, नंद कुमार कोसले जो रायपुर में रहता था कुछ दिन पहले ही घर पर आया था। वह आदतन नशेड़ी था। शराब पीकर घर में हंगामा करता रहता था। शनिवार को भी उसने अपनी भाभी पर भी हमला कर दिया। इससे गुस्साए बड़े भाई दिलीप कुमार कोसले ने घर के बाहर रखे पत्थर से तीन-चार बार उसके सिर पर वार कर दिया। गंभीर चोट आने के कारण नंद कुमार की मौत हो गई।



### हत्या के बाद घर पर ही था आरोपी

घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। दिलीप के घर के बाहर भीड़ इकठ्ठी हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा दीलीप घर के बाहर चबूतरे पर बैठा हुआ है वहीं नंद कुमार की लाश पड़ी हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### मुझे अपने किए का कोई पछतावा नहीं - आरोपी

दिलीप कुमार ने कहा- मुझे अपने किए पर कोई पछतावा नहीं है। छोटा भाई आदतन शराबी था और वह अक्सर नशे में धुत होकर घर आता और लड़ाई-झगड़ा करता था। मैं मानसिक रूप से परेशान था। आज जब उसने मेरी पत्नी पर हमला किया तो मैंने अपना आपा खो दिया और उस पर हमला कर दिया।

हरिभूमि पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468



## खबर संक्षेप

### राज्यपाल के विधिक सलाहकार सेवानिवृत्त, दी विदाई

**रायपुर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन के विधिक सलाहकार राजेश श्रीवास्तव अपनी अर्धवार्षिकी सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इस अवसर पर उन्हें शुक्रवार को राजभवन में भावभीनी विदाई दी गई। राज्यपाल श्री हरिचंदन ने उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### डायमंड क्लब कार्निवल आज से

**रायपुर।** पं.दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में डायमंड क्लब कार्निवल का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन रविवार शाम 4 बजे से प्रारंभ होगा। इसमें टेलीविजन अभिनेत्री पूजा गौर भी शामिल होंगी। एटी ज्वेलर्स के सदर बाजार ब्रांच द्वारा यह आयोजन किया जा रहा है। डायरेक्टर सौरभ बरडिया न बताया, शोरूम द्वारा संचालित डायमंड क्लब के मेंबर्स के लिए यह आयोजन किया जा रहा है। इनमें ज्वेलरी फैशन शो के साथ ऐश्वर्या पंडित द्वारा अपने म्यूजिकल बैंड संग प्रस्तुति भी दी जाएगी।

### बीए-बीएससी बीएड के मॉडल आंसर जारी

**रायपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा बीए-बीएड और बीएससी-बीएड के मॉडल आंसर जारी कर दिए गए हैं। व्यापम द्वारा ये प्रवेश परीक्षाएं 9 जून को आयोजित की गई थी। 28 जून को इनके मॉडल आंसर जारी करने के बाद 5 जुलाई तक दावा-आपत्ति मांगे गए हैं। इसके पश्चात दावा-आपत्ति का निराकरण करते हुए अंतिम उत्तर जारी कर दिए जाएंगे।

### खेल अधिकारियों की समीक्षा बैठक, दिए निर्देश

**रायपुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव हिम शिखर गुप्ता ने सभी जिला खेल अधिकारियों की समीक्षा बैठक संचालनालय में ली। इसमें विशेष रूप से पूर्ववर्ती योजना राजीव युवा मितान क्लबों के द्वारा पूर्व वर्षों में व्यय की गई राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र, बिल व्हाउचर्स की ऑडिट तथा शेष राशि को शासन के खजाने में तत्काल जमा करने संबंधी निर्देश दिए गए। आगामी 10 जुलाई तक सभी जिलों को अनिवार्यतः कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

## पेज 11 के शेष

### तोड़फोड़ एवं आगजनी ...

गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस द्वारा उक्त घटना के संबंध में दर्ज प्रकरणों में आरोपियों की गिरफ्तारी करने अलग–अलग गठित टीम द्वारा उनके संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। साथ ही प्रकरण में शामिल अन्य आरोपियों का वीडियो, फोटो, सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य तकनीकी विश्लेषण के आधार पर अन्य आरोपियों की पहचान कार्रवाई करते हुए सरगर्मी से पता तलाश जारी है।

### 32 पौवा शराब...

32 पौवा देशी प्लेन शराब कुल 5.760 बल्क लीटर, देशी प्लेन शराब एवं काला सिल्वर कलर की मोटर साइकिल हीरो स्पलेंडर प्लस क्रमांक सीएच 22 एक्स 7367 को जब्त किया। आरोपी के विरूद्ध पुलिस चौकी करहीबाजार में धारा 34,2 आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# बाघ की सुरक्षा एवं मॉनिटरिंग जरूरी, दिशा-निर्देश जारी

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार**

प्रधान मुख्य वन संरक्षक व.प्रा. एवं वन्यप्राणी अभिरक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल द्वारा बारनवापारा अभ्यारण्य एवं सीमावर्ती वनक्षेत्र में 7 मार्च से 27 जून तक बाघ विचरण कर रहे बाघ के संरक्षण तथा संवंर्धन कार्यों के समीक्षा की गई। बाघ के सुरक्षा एवं मॉनिटरिंग के कार्यों का निरीक्षण किया गया एवं बाघ की सुरक्षा हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्रधान मुख्य वन संरक्षक व.प्रा. एवं वन्यप्राणी अभिरक्षक के विशेष आग्रह पर बाघ के सुरक्षा हेतु आईएफएस सेवा निवृत्त आर श्रीनिवास मूर्ति को बारनवापारा अभ्यारण्य आमंत्रित किया गया था।

## सुरक्षा को लेकर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन्यप्राणी अभिरक्षक की अध्यक्षता में हुई बैठक



### निगरानी करने का सुझाव दिया

वर्तमान में बारनवापारा अभ्यारण्य एवं आस–पास के वनक्षेत्र बाघ के रहवास के लिए उपयुक्त है एवं क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में प्रे–बेस तथा वाटरबॉडीएवं बाघ रहवास क्षेत्र है, जिसमें बाघ आसानी से रहवासध्विचरण कर सकते हैं। बाघ की मॉनिटरिंग हेतु आर.श्रीनिवास मूर्ति द्वारा बारनवापारा अभ्यारण्य, बलौदाबाजार, देवपुर एवं परिक्षेत्र बल्दाकछार के समस्त स्टाफ को बाघ संबंधित महत्वपूर्ण प्रशिक्षण दिया गया। वर्तमान में वनमण्डल, बलौदाबाजार के अंतर्गत बाघ के संबंध में किये जा रहे कार्यों की सराहना की गई तथा जन मानस एवं बाघ के सुरक्षा हेतु 4 नग कुमकी हाथी को बारनवापारा अभ्यारण्य वनमण्डल बलौदाबाजार लाया जाना एवं निगरानी करने हेतु सुझाव दिया गया।

उन्होंने आमंत्रण स्वीकार करते हुए वनमण्डल बलौदाबाजार के अंतर्गत बारनवापारा अभ्यारण्य में 26 जून एवं 27 जून के दौरा प्रवास में बारनवापारा अभ्यारण्य एवं सीमावर्ती वन परिक्षेत्रों के अंतर्गत वर्तमान में विचरण कर रहे 1 बाघ की निगरानी तथा सुरक्षा हेतु अधिकारी कर्मचारियों की बैठक लेकर चर्चा की गई तथा भविष्य हेतु आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। श्री आर श्रीनिवास मूर्ति द्वारा बाघ विचरण क्षेत्र का सूक्ष्म भ्रमण कर, उनके द्वारा आगामी कार्ययोजना हेतु बाघ में 'रेडियो कालर' लगाये जाने हेतु सुझाव दिया गया। श्रीनिवास पन्ना टाइगर रिजर्व में लगातार 2009 से 2015 तक फील्ड डायरेक्टर रहकर बाघ की संख्या 0 से 32 की गई।

### कलेक्टोरेट बिल्डिंग का लिया जायजा, अधिकारियों की बैठक लेकर बढ़ाया मनोबल

# देर शाम बलौदाबाजार पहुंचे मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार**



प्रदेश के मुख्य सचिव अमिताभ जैन एवं पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा शनिवार को देर शाम जिला मुख्यालय बलौदाबाजार पहुंचे। उन्होंने आगजनी की घटना के बाद कलेक्ट्रेट बिल्डिंग के पूर्ण हो चुके रेस्टोरेंशन कार्य का जायजा लिया तथा अधिकारियों की बैठक लेकर सामान्य ढंग से पुनः बेहतर दायित्व निर्वहन के लिए उनका मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अमित गुप्ता, रायपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अमरेश कुमार मिश्रा भी उपस्थित थे।

मुख्य सचिव जैन ने कहा कि घटना बहुत ही दुर्भाग्यजनक है। इससे भौतिक एवं मानसिक प्रभाव पड़ा है। भौतिक प्रभाव से जल्द पार पाया जा सकता है, लेकिन मानसिक स्थिति सामान्य होने में समय लगता है। जिला प्रशासन ने भवन का रेस्टोरेंशन बहुत कम समय में पूर्ण कर लिया है और सभी अधिकारी कर्मचारी सामान्य रूप से काम कर रहे हैं तथा मानसिक स्थिति सामान्य बनाने के सार्थक प्रयास हुए हैं। उन्होंने कहा कि जो भी क्षति हुई है उसके लिए राशि के लिए शासन पूरा सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि आम जनता से सीधा संवाद करने तथा उनकी समस्या का तत्काल निराकरण करने के लिए जनसमस्या निवारण शिविर शुरू किया जा सकता है। सभी अधिकारी कर्मचारी घटना से उबर कर खुश व प्रसन्न रहें तथा इस जिले को जन हितैषी जिला बनाने का संकल्प लें।

पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने कहा कि इस घटना की पुनरावृति न हो। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा जो भी निर्देश दिए जा रहे हैं उसका पालन सुनिश्चित करें। इस घटना से अधिकारी कर्मचारी का मनोबल कम हुआ है, लेकिन उससे जल्दी उबरना होगा। उन्होंने कहा कि लोक सेवक का कर्तव्य है कि उसका लोगों के साथ सम्पर्क व संवाद होती रहे। संवादहीनता बिलकुल न आने दें। अधिकारी अपने कक्ष में कम से कम 2–से 3 घंटे जरूर बैठें और लोगों से मिलें। उन्होंने कहा कि घटना में जिनके विरुद्ध साक्ष्य मिल रहे हैं उन पर ही कानूनी कार्रवाई हो।

कलेक्टर दीपक सोनी ने पावर पॉइंट प्रेजेटेशन के माध्यम से अब किये गए कार्यवाहियों की सिलसिलेवार जानकारी दी। उन्होंने बताया कि क्षति का आकलन कर लिया गया है जिसमें करीब 12 करोड़ का नुकसान हुआ है। पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त वाहानों के बीमा दावा राशि का भुगतान शुरू हो गया है। 24 घंटे सोशल मीडिया मॉनिटरिंग की जा रही है। नकरात्मक पोस्ट वाले एकाउन्ट को ब्लॉक किया जा रहा है।

उन्होंने मुख्य सचिव को विश्वास दिलाया कि बैठक में जो भी निर्देश दिए गए है उसका पालन सुनिश्चित किया जाएगा तथा बेहतर कार्य करने सभी का प्रयास होगा।

# विधायक साव ने कृषि मंत्री से गिनाई किसानों की समस्याएं

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ भाटापारा**

क्षेत्र के किसानों की समस्याओं को लेकर विधायक इंद्र साव ने अपने रायपुर प्रवास के दौरान कृषि मंत्री राम विचार नेताम से मिलकर उन्हें समस्याओं से अवगत कराया तथा उनसे विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस दौरान कृषि मंत्री ने विधायक साव की मांगों पर सहमती जताते हुए शीघ्र ही आवश्यक कदम उठाने तथा समस्या का समाधान करने का भरोसा दिलाया।

- भेंट मुलाकात में कृषि मंत्री ने शीघ्र निराकरण का दिलाया भरोसा

विधायक इंद्र साव ने बताया कि क्षेत्र के किसान सरना बीज की कमी के लिए लगातार भटक रहे हैं। उनका केसीसी भी अब तक नहीं बन पा रहा है। खेती किसानी के दिन आने के बाद किसानों को समस्या के स्थाई और जल्द निदान के लिए उन्होंने बीज निगम कार्यालय में कृषि मंत्री राम विचार नेताम से मुलाकात कर उनसे किसानों की समस्याओं से अवगत कराया।



### किसान सरना धान के बीज के लिए भटक रहे है

श्री साव ने बताया कि क्षेत्र के किसान सरना धान के बीज के लिए भटक रहे हैं। सेवा सहकारी समितियों में बीज उपलब्ध नहीं है। धान बोनी का समय चल रहा है। ऐसे में किसान निजी क्षेत्र से महंगे दामों पर बीज खरीद रहे हैं और उसमें भी बाजार में बड़ी संख्या में नकली बीज आए हैं, जिनका ठीक ढंग से अंकुरण नहीं हो रहा। इसके अलावा श्री साव ने कृषि उपज मंडी के नये भवन के लिए चर्चा की साथ ही मंडी में चल रही अनियमितताओं और वहां आए कृषकों को हो रही परेशानियों को भी मंत्री को विस्तार से बताया। इसके अलावा श्री साव ने बरसात में पशुओं के टीकाकरण समय पर कराने की बात कही, जिसे पर मंत्री ने तत्काल आवश्यक कदम उठाने तथा किसानों की समस्याओं को दूर करने का भरोसा दिलाया।

# हरिनभट्ठा में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिमगा**

विकासखंड के ग्राम हरिनभट्ठा में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। इसमें सभी बच्चों का गुलाल से तिलक लगाकर स्वागत के साथ न्योताभोज का आयोजन किया गया। साथ ही निःशुल्क पाठ्यपुस्तके एवं गणवेश वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वि.खं.स्त्रोत केंद्र समन्वयक डी.एस. ठाकुर एवं सहायक वि.खं.शि. अधिकारी राकेश सिंह की उपस्थिति रही। अतिथियों द्वारा बच्चों को संज्ञानात्मक शिक्षा के साथ साथ सहसंज्ञानात्मक क्षेत्र को जोड़कर चलने हेतु मार्गदर्शन दिया गया। बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुये नियमित शाला आने, स्वच्छता एवं अनुशासित जीवन के महत्व पर चर्चा की। साथ ही व्यवसायिक शिक्षा के अंतर्गत सभी बच्चों द्वारा बनाये गये उपयोगी सामान का अवलोकन भी किया गया, जिसमें शाल, स्वैटर, थालपोश, गेट पर्दा के बारे में बच्चों से चर्चा की गई और भविष्य में इस सामान का उपयोग अपने जीविका के साधन के रूप में उपयोग कर आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी।



### छात्रों को बांटे गए गणवेश

खरोरा। संकुल केंद्र पचरी अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में शाला प्रवेश उत्सव पर छात्रों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्राथमिक शाला छड़िया के शिक्षक देव प्रसाद ध्रुव एवं प्रवीण साहू उपस्थित रहें। विद्यालय के प्रधान पाठक एसके देवांगन एवं शिक्षक धीरेंद्र वर्मा द्वारा सभी बच्चों का तिलक लगाकर व मुंह मीठा कर सभी छात्रों को पुस्तक एवं निशुल्क गणवेश भी प्रदान किए गए।



# प्राणाघातक हमले के आरोपी जेल दाखिल

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ भाटापारा**



पुलिस सहायता केंद्र निपनिया ने लाठी, डंडा, पत्थर से वारकर प्राणघातक चोट पहुंचाने वाले 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिला मुंगेली निवासी आरोपियों द्वारा मुरूम डालने की बात पर एक राय होकर गाली गलौज करते हुए प्रार्थी पर जानलेवा हमला किया था।

रिपोर्ट दर्ज होने के 3 घंटे के भीतर पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

प्रार्थीया गंगा बाई ने पुलिस सहायता केंद्र निपनिया में रिपोर्ट दर्ज करायी कि 27 जून को ग्राम कोनी में खेत व घर का मिट्टी पटिन का काम करने आए जिला मुंगेली निवासी आरोपियों को मेरे पति सनत कुमार द्वारा ग्राम के चौक के पास दो-तीन ट्रिप मुरूम डालने के लिए बोला गया। इस बात पर आरोपी राहुल अपने तीन अन्य साथियों के साथ एक राय होकर प्रार्थी के पति सनत कुमार के साथ लाठी, डंडा, पत्थर एवं हाथ मुक्का से मारपीट कर दिया। बीच-बचाव करने जब मैं और मेरी सास पहुंची तो आरोपियों द्वारा हम दोनों के साथ भी मारपीट की। इस घटना में प्रार्थी के पति सनत कुमार को गंभीर चोट आयी, जिसे रात्रि में जिला अस्पताल बलौदाबाजार के बाद समुचित उपचार हेतु एम्स रायपुर में भर्ती कराया गया है।

रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 307, 506, 294, 34 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। प्रकरण में पुलिस ने निवासी ग्राम किरना थाना सरगांव जिला मुंगेली निवासी 27 वर्षीय राहुल,

ग्राम दरूवन कांपा थाना सरगांव जिला मुंगेली निवासी 21 वर्षीय बबलू उर्फ गोलू, 21 वर्षीय राहुल और 19 वर्षीय साहिल ग्राम दरूवन कांपा थाना सरगांव को दबोच लिया। पूछताछ पर चारों आरोपियों द्वारा प्रार्थिया एवं उसके परिवार के साथ लड़ाई झगड़ा करना एवं लाठी, डंडा, पत्थर आदि से सनत कुमार पर जानलेवा हमला करना स्वीकार किया गया। प्रकरण में राहुल सहित चारों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर, जेल भेज दिया गया है।

### लोहे के औजार से प्राण घातक हमला करने वाला गिरफ्तार



**गिधौरी।** ईंट तोड़ने के लोहे के औजार से प्राण घातक चोट पहुंचाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। प्रार्थिया ने 22 जून को पुलिस चौकी गिरौदपुरी में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि ग्राम देवरबोड़ थाना बिलाईगढ़ निवासी 40 वर्षीय रूप नारायण ने 1 जून की रात लगभग 4 बजे जान से मारने की नियत से ईंट तोड़ने के लोहे के औजार से प्राण घातक हमला कर मेरे सिर, चेहरा एवं गला में गंभीर चोंट पहुंचाया है। पुलिस ने धारा 307 भादवि पंजीबध्द कर विवेचना में लिया। घटना पश्चात प्राथिंया को उनके परिजनों द्वारा उचित इलाज के लिए समृद्धि हॉस्पिटल बिलासपुर में भर्ती कराया गया था। चौकी गिरौदपुरी पुलिस ने आरोपी को 29 जून को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के बाद जेल भेजा दिया।

# प्रवेशोत्सव पर बच्चों का हुआ स्वागत



**पवनी।** आदर्श युवा विकास एवं शिक्षण समिति नरधा द्वारा संचालित महंत लालदास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरधा में शनिवार को नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस दौरान छात्र छात्राओं को निःशुल्क पुस्तकें का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गुंजा नवरत्न, अध्यक्षता पीएल पटेल संस्था प्राचार्य, विद्यालय समिति के अध्यक्ष एसएल नवरत्न, उपाध्यक्ष आईएल सोनवानी, प्रबंधक यशवंत महिलांगे और शाला परिवार विद्यालय के कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## रुक-रुककर हो रही बारिश, खेतों में भरा पानी ...



**हिरमी–रावन।** अंचल के हिरमी–मोहरा, भालूकों ना भालेसुर, मुस्वाडीह सहित आसपास की गांवों में लगातार रुक–रुककर हो रही बारिश से खेतों में पानी भर गया है। ऐसे में खरीफ फसलों की बुआई में दिक्कतें आ रही हैं। लबालब भरे खेतों में किसान बीज नहीं डाल पा रहे हैं। किसान भी अब बारिश रुकने का इंतजार कर रहे है। यदि धूप निकलेगी तो भी खेत में जमा पानी सूखने में एक सप्ताह का समय लग सकता है। जो किसान खेतों में बीज डाल चुके हैं वह ज्यादा पानी होने के कारण सड़ने की संभावना है। वर्तमान समय में रुक–रुककर बारिश हो रही है।

# सफाई के अभाव में नाली का पानी सड़क पर, वार्डवासी परेशान

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ भाटापारा**

शहर के वार्डों में नाली की साफ-सफाई नहीं होने से बारिश होने पर नाली का पानी सड़क पर बह रहा है। इससे शहरवासी परेशान है। मोहल्लेवासियों ने इन सब परेशानियों से पार्षद को अवगत कराया लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। यह हाल महावीर वार्ड गौरा चौक का है। वहीं हथनीपारा में भी नाली में जाम कचरे के कारण वार्डवासी परेशान हैं।







## खबर संक्षेप



### अतिरिक्त सचिव काटिया सेवानिवृत्त, दी विदाई

**रायपुर।** विधि विधायी कार्य विभाग, मंत्रालय में पदस्थ अतिरिक्त सचिव उमेश कुमार काटिया सेवानिवृत्त हो गए। शुक्रवार को उन्हें विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विदाई दी। वे मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में कुल मिलाकर 35 साल सरकारी सेवा में रहे। विदाई के दौरान अधिकारियों-कर्मचारियों ने उनके स्वर्णिम भविष्य की कामना की। इस दौरान विभाग के प्रमुख सचिव रजनीश श्रीवास्तव, अतिरिक्त सचिव मोहन गुप्ता, शहाबुद्दीन कुरैशी, उपसचिव प्रशांत भास्कर, मंत्रालयीन कर्मचारी संघ के उपाध्यक्ष हीरा सिंह बघेल, अवर सचिव योगेंद्र सिंह, दिलीप कुमार सेन, बीपी सोहगौरा, पंखुरी वर्मा, शैल साहू आदि उपस्थित रहे।

### गिरफ्तारी पर रोक लगाने की मांग

**रायपुर।** सतनाम रक्षा मंच द्वारा छत्तीसगढ़ में संचालित संगठन सतनामी समाज भारत देश ने बलौदाबाजार तोड़फोड़ मामले में जांच की मांग की है तथा सतनामी समाज के लोगों की गिरफ्तारी पर रोक लगाने की मांग की है। मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शैलेंद्र बंजारे ने विज्ञप्ति के माध्यम से कहा है कि मुख्यमंत्री कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि प्रदेश में शराबबंदी लागू की जाए, समाज का राष्ट्रीय मुख्यालय बनाने नवा रायपुर में जमीन दी जाए।

### रामायण महोत्सव एवं रामलीला उत्सव शुरू

**रायपुर।** आदर्श नगर में श्री शिव हनुमान मंदिर प्रांगण में श्री रामायण महोत्सव एवं रामलीला उत्सव की शुरुआत शुक्रवार से हो गई। जहां गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित रामायण एवं रामलीला का मंचन किया जा रहा है। यह आयोजन 8 जुलाई तक चलेगा, जिसका समय शाम 7.30 से रात्रि 10.30 बजे तक है। कार्यक्रम के संचालक पं. विजय कुमार तिवारी हैं।

### छत्तीसगढ़ को मिले केंद्रीय कैबिनेट मंत्री

रायपुर। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता ने विज्ञप्ति के माध्यम से जारी बयान में कहा है कि छत्तीसगढ़ राज्य से 3 तीसरी बार लोकसभा चुनाव में अच्छी सीटें देने के बावजूद छत्तीसगढ़ को सिर्फ एक राज्यमंत्री ही मिला है। छत्तीसगढ़ राज्य को कम से कम एक केंद्रीय मंत्री मिलना चाहिए था। उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य को तेजतर्रार मुख्यमंत्री की आवश्यकता है। भाजपा की साय सरकार का छत्तीसगढ़ की जनता ने बलौदाबाजार में हुए घटना देख ही लिया है, जो एक कमजोर सरकार का नतीजा है। साय सरकार की नाकामी के कारण छत्तीसगढ़ की जनता भुगत रही है और केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ राज्य के विश्वास को अनदेखा कर रही है।

### निगम में एमआईसी की बैठक 1 जुलाई को

**रायपुर।** नगर निगम के सचिवालय द्वारा महापौर एजाज ढेबर के आदेशानुसार मेयर इन काउंसिल, एमआईसी की बैठक 1 जुलाई सोमवार को दोपहर 12 बजे निगम मुख्यालय भवन महात्मा गांधी सदन के तृतीय तल स्थित सभाकक्ष में बुलाई गई है। यह जानकारी निगम के अपर आयुक्त एवं सचिव विनोद पाण्डेय ने दी।

## निधन

### लिली आमोन वानी



**सिमगा।** ग्राम ढेकुना विश्रामपुर निवासी 90 वर्षीय लिली आमोन वानी पति डॉ. आमोन वानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार विश्रामपुर के क्रिश्चियन कब्रस्तान में किया गया। वह अनुपम डेविड वानी, प्रमोद फिलिप वानी, संध्या जेडेक, प्रशन्ना सालोमन वानी की मां थीं।

## प्रवेशोत्सव : नवप्रवेशी बच्चों के स्वागत में दी नृत्य की प्रस्तुति

# प्रवेशोत्सव पर पाठ्य पुस्तकें और गणवेश का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी-रावन

नवीन शिक्षा सत्र के आरंभ से ही सभी शालाओं में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में ग्राम भालेसुर में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया, जो प्राथमिक शाला और पूर्व माध्यमिक शाला में संयुक्त रूप से मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण शामिल हुए। नवप्रवेशी बच्चों के स्वागत में नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इसके पश्चात अतिथियों द्वारा नव प्रवेशी बच्चों को तिलक गुलाल एवं मिठाई खिलाकर निशुल्क पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश का वितरण किया गया। इस मौके पर नवीन कुमार वर्मा, राधिका वर्मा, टाकेश्वर वर्मा, संतन बांधे सरपंच प्रतिनिधि, बिसेसर गेदरे, जनपद सदस्य भेदू वर्मा, दीपक वर्मा, लखन यादव, नारद वर्मा, श्रीराम ध्रुव सहित स्कूल स्टाप उपस्थित रहा।



### न्योता भोज में परोसी गई खीर, पूरी और सब्जी

**हिरमी-रावन।** ग्राम भालेसुर के शासकीय प्राथमिक शाला में प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम रखा गया था, जिसमें स्व. द्रोपति वर्मा की स्मृति में पुत्र नवीन राधिका वर्मा द्वारा न्योता भोज आयोजन किया गया। इसमें बच्चों को खीर–पूरी, चावल, दाल, सब्जी प्रदान की गई। इससे पहले बच्चों को गुलाल लगाकर एवं मुंह मीठा कर प्रवेश दिलाए। बच्चों को पुस्तक वितरण कर स्कूल आने के लिए प्रेरित किया गया। आयोजन में प्राथमिक शाला प्राचार्य बीआर ध्रुव सहित शाला स्टाफ एवं ग्रामीण शिवकुमारी ध्रुव, गंगोत्री वर्मा, जनक बाई यादव, जानकी वर्मा उपस्थित थीं।



# प्राथमिक शाला अमोदी में मना प्रवेश उत्सव



**मुड़पार-सरसीवां।** विगत दिवस पीएमश्री प्राथमिक शाला अमोदी में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इसमें नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर, माला पहनाकर, कापी व पेन भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर सरपंच करुणा सिंह नेताम, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुल्ताना यादव, मिडिल स्कूल अमोदी के प्रभारी प्र पाठक देवेंद्र कुमार साहू, प्राथमिक विद्यालय आमोदी के प्रधान पाठक चम्पा बाई साहू उपस्थित थी। शाला परिवार एवं प्रबंधन समिति की उपस्थिति में हर्षोल्लाह से शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। प्रवेश उत्सव में मिठाइयां एवं नारियल बांटे गए। उपस्थित गणमान्य नागरिकों एवं प्रबंधन समिति के सदस्यों ने शिक्षकों को पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला अमोदी के तरफ से बधाई दी।

### मोहतरा न में शाला प्रवेशोत्सव मना

मुड़पार-सरसीवां। शासकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला मोहतरा (न) में विद्यार्थी, पालक एवं शिक्षकों की उपस्थिति में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन रखा गया। इसके मुख्य अतिथि रामप्रसाद साहू थे। समारोह की अध्यक्षता उच्च प्राथमिक शाला प्रधान पाठक शंकर लाल साहू ने की तथा विशिष्ट अतिथि पालक सदस्य किरतन नानबाई, पुष्पाबाई और हेमबाई उपस्थित थी। कक्षा पहली एवं छठवीं के नव प्रवेशी छात्रों को गुलाल लगाकर स्वागत किया गया तथा पुस्तकें एवं गणवेश वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक शंकर लाल साहू द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया। छात्रों के प्रति समर्पित शिक्षकों को गांव के वरिष्ठजनों द्वारा बधाई दी। इस अवसर पर प्राथमिक शाला प्रधान पाठक राजेश कुमार साहू, शिक्षक गजानंद साहू, जितेंद्र कुमार साहू, खगेंद्र सिंह नेताम, पुकराम साहू आदि उपस्थित थे।



### आत्मानंद स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव

**पवनी।** नए शिक्षा सत्र 2024–25 के प्रारंभ पर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी हिन्दी माध्यम विद्यालय पवनी में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। शिक्षक–शिक्षिकाओं द्वारा छात्र–छात्राओं का तिलक लगाकर और मुंह मिठाकर स्वागत किया गया। प्राचार्य एके साहू द्वारा परीक्षावर्ष 2024 में प्रत्येक कक्षा में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्राचार्य एके साहू द्वारा न्योता भोजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित थे।



### नव प्रवेशी बच्चों को पुस्तक और गणवेश वितरित



सिमगा। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम उच्च. माध्यमिक विद्यालय सिमगा में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इसमें कक्षा पहली, छठवीं और नवमीं के नव प्रवेशी बच्चों को पुस्तक, गणवेश वितरित किया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी एसके गेंदले, नगर पंचायत अध्यक्ष भागवत सोनकर, पार्षद संजय कोशले एवं समस्त स्टॉफ की उपस्थिति में प्रवेशित बच्चों का गुलाल लगाकर तथा मिठाई, चॉकलेट खिलाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम पश्चात सभी बच्चों को न्योताभोज, मिष्ठान का वितरण किया गया।

# हेमन्त को मिला मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पवनी

जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव एवं मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरुस्कार सम्मान समारोह में हेमन्त कुमार श्रीवास को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण शिक्षादूत पुरुस्कार 2023 से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धर्मेश साहू कलेक्टर सारंगढ़ थे। कार्यक्रम में डॉ. वर्षा बंसल डिप्टी कलेक्टर, अनिकेत साहू एसडीएम, एसएन भगत डीईओ सारंगढ़ बिलाईगढ़, नरेश चौहान जिला नोडल, हरिशंकर चौहान परियोजना नोडल, जीएस धीवर नोडल समग्र शिक्षा, एसएन साहू विकासखंड शिक्षा अधिकारी बिलाईगढ़, सोमा ठाकुर सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, डीपी सोनी सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, आरके भोई सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, एमआर साहू विकासखंड श्रोत समन्वयक बिलाईगढ़ के हाथों से सम्मानित किया गया। इस सम्मान समरोह में प्रशस्ति पत्र मोमेंटो और पांच हजार की सम्मानित राशि प्रदान की गई। साथ में एक अशोक पेड़ भी प्रदान किया गया। हेमन्त कुमार श्रीवास वर्तमान में शासकीय प्राथमिक शाला मड़कड़ी विकासखंड बिलाईगढ़ में पदस्थ है। हेमन्त कुमार श्रीवास को विभिन्न क्षेत्रों में सम्मानित किया जा चुका है।



### ज्ञान दीप पुरस्कार से सम्मानित हुए शिक्षक बुद्धेश्वर

गोपालपुर। जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव एवं मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरुस्कार सम्मान समारोह में बुद्धेश्वर कुमार कश्यप को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण ज्ञान दीप पुरुस्कार 2023 से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धर्मेश साहू कलेक्टर सारंगढ़ रहे। इस सम्मान समरोह में प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो और सात हजार की सम्मानित राशि प्रदान की गई। सम्मान के साथ एक अशोक पेड़ भी प्रदान किया गया। बुद्धेश्वर कुमार कश्यप शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सलिहाघाट में पदस्थ है। उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में सम्मानित किया जा चुका है। कोरोना काल के समय केबल टीवी के माध्यम से पढ़ाई, मोहल्ला क्लास का नवाचार के लिए तत्कालीन शिक्षा सचिव द्वारा प्रशंसा की गई थी।



# शिक्षकों को दी बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

- ब्लाक स्तर के सभी संकुलों में हुआ एफएलएन प्रशिक्षण

विकासखंड अंतर्गत सभी संकुलों के प्राथमिक शालाओं में कार्यरत 657 शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का ऑनलाइन मोड में 5 दिनों का एफएलएन प्रशिक्षण दिया गया, जिसे 3 जोन जर्वे, कुसमी और पलारी में विकासखंड स्तरीय एफएलएन प्रशिक्षण चार चरणों में 10 से 28 जून तक कराया गया। इसमें जिला स्तर से प्रशिक्षक दिलीप कुमार साहू, राजेश कन्नौजे,



अनिल आडील, विश्वनाथ मांडले, मनीराम तूरकाने, टीकाराम वर्मा, नरेंद्र पटेल, विष्णु फेकर एवं रूपेंद्र चंद्राकर द्वारा प्राथमिक शालाओं में अध्यापन कराने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं को बच्चों में भाषाई व संख्यात्मक दक्षता को हासिल कराने के लिए नेप द्वारा सुझाये गए एनसीएफ एफ एस के सिद्धांतों पर आधारित विशेष रूप से बच्चों को भाषा व संख्या ज्ञान कराने के 4 ब्लॉक मॉडल पर चर्चा की। साथ ही बच्चों को अभ्यास करने के लिए अभ्यास पुस्तिका का उपयोग तथा शिक्षकों को कक्षा संचालन में सहयोग के लिए शिक्षक संदर्शिका का उपयोग व परिचय कराया गया। प्रशिक्षण का सफल संचालन बीईओ केएन वर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। साथ ही आवश्यक सामग्री व व्यवस्था के लिए बीआरसी जेएल जोशी द्वारा मार्गदर्शन दिया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी केएन वर्मा, सहायक विकासखंड अधिकारी एनके वर्मा, सतीश महेश्वरी एवं बीआरसी जेएल जोशी द्वारा प्रशिक्षण स्थल का सतत निरीक्षण कर शिक्षकों को प्रोत्साहन हेतु मार्गदर्शन करते हुए प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला तथा प्रशिक्षण के उद्देश्य, बच्चों में हिंदी एवं संख्या ज्ञान, पढ़ना –लिखना सीखना तथा नवाजतन के माध्यम से बच्चों को शिक्षण के 7 तरीकों के बारे में बताया गया।

# 35 बार किया रक्तदान, बिरजू निषाद सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भरूवाडीह कला में रक्तदान दिवस मनाया गया, इसमें संजीवनी रक्तदान संघ के सदस्य बिरजू निषाद ने सर्वाधिक 35 बार रक्तदान करके रिकॉर्ड बनाया। बिरजू निषाद जो पेसे से हमाली का काम करते हैं तथा जिनकी आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं है उन्होंने 35 बार रक्तदान करके अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। संजीवनी रक्तदान संघ के अध्यक्ष ओम प्रकाश चौहान भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों का शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक दिनेश कुमार वर्मा द्वारा मोमेंटो, साल, श्रीफल और 2000 रु नकद राशि के साथ सम्मानित किया गया। साथ ही ग्राम के संघ से जुड़े सदस्यों का गमछा भेंट करके सम्मानित किया। इस अवसर पर ग्राम के 6 सदस्यों ने सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिनेश वर्मा ने कहा कि रक्तदान करने से दान करने वाले और दान लेने वाले दोनों को लाभ होता है, इसलिए हमें इस महान कार्य को अधिक से अधिक लोगों को करना चाहिए। कार्यक्रम में शाला विकास समिति के सदस्य, ग्राम के सरपंच रक्तदाता संघ के सदस्य, प्राथमिक शालाके शिक्षक और बच्चों उपस्थित थे।




## कंटीले पेड़-पौधों की कटाई-छंटाई

# हाईस्कूल में चलाया गया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

- कचरे डब्बे का वितरण किया

राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन के तहत शासकीय हाई स्कूल नगर पंचायत टुण्डरा में शनिवार को नगर के वरिष्ठजनों, नगर पंचायत के समस्त अधिकारी-कर्मचारी, हाईस्कूल स्टाफ की उपस्थिति में राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन का आयोजन कलेक्टर दीपक सोनी के दिशा निर्देश में किया गया। इसमें हाईस्कूल टुण्डरा परिसर के अनावश्यक कंटीले पेड़-पौधे की कटाई-छंटाई, समतलीकरण और साफ-सफाई सहित कचरे डब्बे का वितरण भी किया गया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष मोती साहू, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गिरौदपुरी रामरतन दुबे, मुख्य नगर पंचायत अधिकारी अखिलेश भारद्वाज, प्राचार्य आर बंजारे, तहसीलदार युवराज कुर्रे, नायब तहसीलदार हमेश साहू की गरिमामयी उपस्थित में उनके द्वारा स्वयं श्रमदान करते हुये प्रेरित किया गया। स्वच्छता में भागीदारी करने पीके घृतलहरे, मंडल अध्यक्ष छतराम साहू, पूर्व सांसद प्रतिनिधि सत्यनारायण पटेल, हरीश साहू राजस्व निरीक्षक, कृष्ण कुमार मिरी पटवारी, होलिका प्रसाद कैवर्त्य पटवारी, राधेश्याम जायसवाल व्याख्याता, जेआर बारले क्रीडा शिक्षक, पार्षद दिलचंद साहू, शिव साहू, युवल साहू, खेमचंद रात्रे, रविशंकर बंजारे आदि शामिल हुए। स्कूल के क्लास में जाकर एसडीएम ने बच्चों से पढ़ाई स्तर को जानने का प्रयास किया एवं शिक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। नगर अध्यक्ष ने नगर को हमेशा स्वछता बनाये रखने अपील की। नगर पंचायत अधिकारी द्वारा स्वछता डिब्बा वितरित करते हुये अपने घरों के आसपास एवं सार्वजनिक स्थलों में हमेशा साफ सफाई बनाये रखने अपील की।



# भगवान की भक्ति से बढ़कर संसार में मुक्ति का कोई साधन नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

- शिवरीनारायण रामघाट स्थित सत्संग भवन में भागवत कथा का समापन

शबरी की जन्मभूमि शबरी नारायण धाम के महानदी तट पर सत्संग भवन में बंसल परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा महोत्सव यज्ञ सम्पन्न हुआ। ज्ञात हो कि धार्मिक नगरी शिवरीनारायण में नीत निरंतर धार्मिक आयोजन का क्रम चलते रहता है। इसी कड़ी में प्रकाश बिल्लू बंसल एंड बंसल परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा के कथा व्यास सरवानी के पं. राजकुमार शर्मा ने श्री राधा माधव की श्रीमद भागवत कथा का अमृतपान कराया। प्रतिदिन शाम को चौपाटी सत्संग भवन में श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण किया। 22 से 28 जून तक सात दिवसीय आयोजन की कथा के समापन पर प्रकाश बिल्लू बंसल ने सभी का आभार जताया। कथा व्यास राजकुमार शर्मा ने कहा कि सबको भागवत सेवा में लगा रहा चाहिए, इससे आत्मिक शांति मिलती है पुण्य की प्राप्ति होती है। भगवान की भक्ति से शबरी ने राम का दर्शन पाया, केवट ने राम का चरण पखार कर कुल परिवार को तारा। ऐसे ही श्रीमद भागवत कथा पारिवारिक सुख-शांति समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करता है। सबको धार्मिक आयोजन से जुड़ कर रहना चाहिए। भगवान की भक्ति से बढ़कर संसार में कोई मुक्ति की साधन नहीं है।




मा. नरेन्द्र मोदी
मा. अमित शाह
मा. जे.पी. नड्डा
मा. किरण देव
मा. बृजमोहन अग्रवाल
मा. रामविचार नेताम
मा. टंकराम वर्मा
मा. धरमलाल कौशिक
मा. पिंकी ध्रुव
मा. लछुराम कश्यप
मा. विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
आदिवासी गोड़ समाज मावली महासभा
के तत्वाधान में आयोजित
"सांस्कृतिक भवन लोकार्पण कार्यक्रम"
में भाटापारा पधार रहे सभी अतिथियों
का स्वागत...वंदन... अभिनंदन...
मा. शिवरतन शर्मा
उपाध्याक्ष भारतीय जनता पार्टी छ.ग.
कार्यक्रम
दिनांक - 30/06/2024, रविवार दोप. 12 बजे
स्थान - कृषि उपज मंडी प्रांगण, भाटापारा